| | | |
|---|---|---|
| | सत्र 2020-21 | पूर्णांक-100 |
| समय:3घंटे | विषय- हिंदी | लिखित-75+5 (सुंदर लिखाई)-80 |
| | कक्षा- नौवीं | आंतरिक मूल्यांकन-20 |

## प्रश्न-पत्र की रूपरेखा

**नोट:** (i) 05 अंक सुंदर लिखाई के लिए निर्धारित किए गए हैं। अक्षरों व शब्दों के सामान्य आकार,अक्षरों की सुस्पष्टता, अक्षरों व शब्दों के बीच की निश्चित दूरी, लिखने में एकसारता व प्रवाहयुक्त लेखन आदि के आधार पर अध्यापक परीक्षार्थी की लिखाई का मूल्यांकन करेगा।

(ii) प्रश्न-पत्र में कुल 05 प्रश्न होंगे।

(iii) सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य होंगे।

(iv) प्रश्न-पत्र के 04 भाग ( क से घ तक) होंगे।

### भाग-( क )

### अति लघूत्तर प्रश्न ( वस्तुनिष्ठ प्रश्न ) ( 37 )

**विशेष नोट:** ये प्रश्न बहुवैकल्पिक उत्तरों वाले अथवा हाँ/ नहीं अथवा रिक्त स्थानों की पूर्ति अथवा सही/गलत अथवा मिलान कीजिए, किसी भी प्रकार के हो सकते हैं। प्रश्न-पत्र निर्माता इनमें से सबको लगभग समान प्रतिनिधित्व देता हुआ निम्नलिखित अनुसार यथोचित प्रश्न पूछ सकता है:

**प्रश्न-1** (i) में निर्धारित विषयों-भाषा और लिपि, वर्ण, वर्तनी, लिंग, वचन , तत्सम-तद्‌भव, उपसर्ग, प्रत्यय, विराम चिह्न में से 22 प्रश्न पूछे जाएंगे, जिनमें से 17 के उत्तर लिखने को कहा जायेगा।

$17 \times 1 = 17$

प्रश्न-पत्र निर्माता इनमें से सबको लगभग समान प्रतिनिधित्व देता हुआ निम्नलिखित अनुसार यथोचित प्रश्न पूछ सकता है:

(ii) पाठ्य पुस्तक के पद्यांश पर आधारित छह बहुवैकल्पिक उत्तरों वाले प्रश्न पूछे जाएंगे, जिनमें से 05 प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। प्रत्येक प्रश्न का 01 अंक होगा।

$5 \times 1 = 5$

(iii) एक अपठित गद्यांश देकर उसके नीचे छह बहुवैकल्पिक (तीन प्रश्नों के उत्तर गद्यांश में से ढूँढ़कर, दो कठिन शब्दों के अर्थ, एक प्रश्न गद्यांश के शीर्षक / केन्द्रीय भाव से संबंधित) दिये जायेंगे, जिनमें पाँच प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। प्रत्येक प्रश्न का 01 अंक होगा।

$5 \times 1 = 5$

(iv) सात मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ देकर उनमें से किन्हीं पाँच मुहावरे एवं लोकोक्तियों से संबंधित उत्तर देने होंगे।

$5 \times 1 = 5$

(v) हिंदी पुस्तक-9 में ये कविता, कहानी, निबन्ध एवं एकांकी के अभ्यासों में दिए भाग-'क' विषय बोध के अन्तर्गत केवल भाग-'1' में दिए गए प्रश्नों में से सात प्रश्नों (कविता में से 2, कहानी में से 2, निबन्ध

में से 2 तथा एकांकी में से 1) पूछे जायेंगे, जिनमें से पाँच प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। प्रत्येक प्रश्न का 01 अंक होगा।

$5 \times 1 = 5$

## भाग-(ख)

## (पाठ्य-पुस्तक में से अन्य प्रश्न) (16)

**प्रश्न-2** हिंदी पुस्तक-9 में ये कहानी, निबन्ध एवं एकांकी के अभ्यासों में दिए भाग-'क' विषय बोध के अन्तर्गत केवल भाग-'2' में दिए गए प्रश्नों में से पाँच प्रश्न (प्रत्येक विधा में से एक प्रश्न पूछना अनिवार्य) पूछे जायेंगे, जिनमें से तीन प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। प्रत्येक प्रश्न 02 अंक का होगा। $3 \times 2 = 6$

**प्रश्न-3** पाठ्य पुस्तक के 'गद्य भाग' (कहानी निबन्ध एवं एकांकी) निबंधात्मक प्रश्नों (अभ्यासों में दिए भाग-'क' विषय बोध के अंतर्गत केवल भाग-'3' में दिए गए प्रश्न) में से चार निबंधात्मक प्रश्न (प्रत्येक विधा में से एक प्रश्न पूछना अनिवार्य) पूछे जायेंगे जिनमें से दो प्रश्नों का उत्तर लगभग छह-सात पंक्तियों में लिखने के लिए कहा जायेगा।

$2 \times 5 = 10$

## भाग-(ग)

## (रचनात्मक लेखन) (16)

**प्रश्न-4 (i)** यह प्रश्न पत्र-लेखन से संबंधित होगा। इसमें 100 प्रतिशत आंतरिक विकल्प दिया जायेगा।

(8)

**(ii)** यह प्रश्न अनुच्छेद-लेखन से संबंधित होगा। कोई तीन विषय देकर उनमें से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखने को कहा जायेगा। (8)

## भाग- (घ)

## (अनुवाद)

## पंजाबी वाक्यों का हिंदी में अनुवाद (6)

यह प्रश्न अनुवाद से संबंधित होगा। इस प्रश्न में 08 वाक्य देकर उनमें कोई छह वाक्यों का हिंदी में अनुवाद करने के लिए कहा जायेगा।

$6 \times 1 = 6$